झालावाड़ हादसे के बाद डरे बच्चे, उदयपुर में स्कूल नहीं गए

उदयपुर, (का.स.)। झालावाड़ जिले के एक सरकारी स्कूल की छत गिरने के हादसे के बाद उदयपुर जिले में भी शनिवार को कई छात्र डर के कारण स्कूल नही गए। कुछ जगह ग्रामीणों ने अपने स्तर पर छुट्टी करा दी।

■ **छात्रो ने लगाए स्कूलो के ताले, कही कराई छुट्टी**

झालावाड़ के पिपलोदी गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में शुक्रवार को छत भरभराकर गिर गई। इसमें 7 बच्चों की मौत हो गई। उदयपुर जिले में कई स्कूलों में इस हादसे से सहमे बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। कुछ जगह पहुंचे तो गिनती के बच्चे और कुछ जगह ग्रामीणों ने अपने स्तर पर छुट्टी करा दी।उदयपुर जिले के मावली के समीप भीमल गांव के चारणान सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल की हालत जर्जर अवस्था में होने से आज ग्रामीणों और स्टूडेंट ने विरोध जताया। झालावाड़ हादसे के बाद से स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक चिंतित है। आज स्कूल के मुख्य द्वार पर बच्चों ने ताला लगा दिया और 85 बच्चे स्कूल के बाहर बैठ गए।ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है. तीन सालों में सभी जन प्रतिनिधियों को स्कूल की इस जर्जर अवस्था के बारे में बता दिया गया था लेकिन आज तक सुध नहीं ली। स्कूल में लगातार प्लास्टर गिरने और बड़े हादसे होने की संभावना के चलते डर के साये के बीच बच्चे स्कूल जा रहे है।बच्चों ने भय के चलते आज स्कूल में जाने के बजाय मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर तहसीलदार पहुंचे है।

उदयपुर जिले के गिर्वा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत अमरपुरा के गांव गोज्या में राजकीय प्राथमिक स्कूल में 114 बच्चों का नामांकन है। झालावाड़ की घटना के डर से आज मात्र 15 बच्चे ही स्कूल में आए। इसके बाद ग्रामीणों ने उनकी भी छुट्टी करवा दी।पूर्व पंचायत समिति सदस्य पृथ्वीराज मीणा ने बताया. स्कूल के तीन कमरे जर्जर हालत में है जो कभी भी गिर सकते हैं। दो दीवार भी गिर सकती है। उन्होंने बताया. इस बारे में कई बार शिक्षा विभाग को अवगत करा चुके हैं लेकिन स्कूल की सुध नहीं ली। मावली के पलाना कलां स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय निंबाडा की डांग स्कूल में छत से बारिश का पानी टपक रहा है और छत से निर्माण सामग्री भी गिर रही है।

प्रधानाचार्य रजनी गोयल का कहना है पिछले तीन साल से वो लिखित रिपोर्ट पीईईओ कार्यालय में दे रही है। स्थानीय सरपंच एवं जन प्रतिनिधियों को भी मौके पर बुलाकर स्थिति दिखाई लेकिन समाधान नहीं हुआ। कोटड़ा ब्लॉक के नाल भियाटा स्थित प्राथमिक विद्यालय में करीब 40 बच्चों का नामांकन है। भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से यहां पर ग्रामीण बांस का सेट बनाकर बच्चों को पढ़ाते है।

महाकाल कावड यात्रा पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, । श्री महाकालेश्वर कावड यात्रा समिति द्वारा आज यहां करधर बावजी, राजसमन्द में कावड यात्रा व एवं भव्य शोभा यात्रा के पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि कृष्णकान्त शर्मा, सुधीर पोद्दार, भंवरलाल चौधरी, ओम जोशी, ओम नंदवाना व श्री महाकाल कावड यात्रा समिति के अध्यक्ष के.के.शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कावड यात्रा समिति के अध्यक्ष के.के.शर्मा ने बताया कि कावड यात्रा की तैयारी के लिये पुरे शहर में धार्मिक संगठनो व सामाजिक संगठनों से महाकाल कावड यात्रा एवं शोभायात्रा में भाग लेने हेतु अपील की है, यात्रा हेतु शहर के समस्त देवालयो में कावड यात्रा के बैनर लगाये जा रहे है, इस शर्मा ने बताया कि इस कावड यात्रा में पांच हजार से ज्यादा कावड यात्री महिला पुरूष के भाग लेने की उम्मीद है। संयोजक मोहनलाल साहू ने बताया कि कावड यात्रा 8 अगस्त को गंगाजी के चौथे पाये गंगोदभव कुण्ड, आयड से प्रात: 11.30 बजे निकाली जावेंगी जिसका मार्ग गंगोद्भव कुण्ड से आयड पुलिया, अशोक नगर रोड, माताजी मंदिर से शक्ति नगर, टाउनहॉल, सुरजपोल चौराहा, अस्थल मंदिर, मुखर्जी चौक, बडा बाजार, घंटाघर, जगदीश चौक, चांदपोल पुलिया से अम्बापोल, अम्बामाता मंदिरं, आयुर्वेद चौराहा से श्री महाकाल मंदिर पहुंचेगी ।

आदिवासी पार्टी का धरना-प्रदर्शन कल

उदयपुर, । टीएडी विभाग में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने एवं लंबे समय बाद भी घोटालों के मामलों में कार्यवाही नहीं करने के मामले में भारत आदिवासी पार्टी द्वारा 28 जुलाई को उदयपुर स्थित टीएडी आयुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जायेगा एवं घोटालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जायेगी। उदयपुर जिलाध्यक्ष अमित खराडी ने बताया कि इस धरना प्रदर्शन में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रमेश मईडाए पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधी, पार्टी पदाधिकारी एवं सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।खराडी ने बताया कि सरकार आदिवासी समुदाय के नाम पर बजट में बडी बडी घोषणाएं कर सालाना 1000-1500 करोड़ रुपये की कागजी घोषणाएं कर देती है और वास्तविकता में आधी अधूरी राशि ही विभाग को दी जाती है। यह आधी अधूरी बजट राशि भी आदिवासी समाज को ना मिलकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ रही है। खराडी ने कहा कि विगत 3 वर्षों में विभाग में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ और इन सब घोटालों के सबूत विभाग के सामने हैं लेकिन आज तक किसी भी घोटाले की जांच पुरी कर दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। अगर कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता है तो पुलिस और प्रशासन के जरिए दबाव बनाने की तानाशाही की जा रही है।

उबेश्वर तक की कावड़ यात्रा 29 को

उदयपुर, । शक्तिनगर व्यापार मंडल द्वारा आगामी 29 जुलाई को आयोजित आयड गंगु से उबेश्वर तक की कावड़ यात्रा का शक्तिनगर स्थित लिबर्टी पेन्ट्स के बाहर फूलों की वर्षाए जल व सेगारी प्रसाद द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। और कावड़ यात्रियों को जल व फल वितरित किए जाएंगे।

शनिवार को शक्तिनगर स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय में यात्रा की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियाँ निर्धारित कीं। व्यापार मंडल के महासचिव जितेंद्र कालरा ने बताया कि यह कावड़ यात्रा पिछले 20 वर्षों से आयोजित की जा रही है और हर बार स्वागत इससे और अधिक भव्य बनाने का प्रयास रहता है। इस बार का आयोजन विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसके लिए प्रसाद स्थानों पर डस्टबिन लगाए जाएंगे। व्यापार मंडल के सदस्य कैलाश राठौड़ ने जानकारी दी कि इस वर्ष प्रसाद वितरण और जलपान की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

सार-समाचार

प्रतिभा सम्मान समारोह 2 को

उदयपुर, ।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेवाड द्वारा क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन उदयपुर में होने जा रहा है। महासभा प्रवक्ता रणवीर सिंह जोलावास ने बताया कि सेवा, संस्कार, समर्पण को समर्पित क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर निगम सभागार, टाउनहॉल में 2 अगस्त को आयोजित होने जा रहा है। समारोह में 100 से अधिक प्रतिभाओं को शौर्य, सेवा, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, खेल और पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 21 विशिष्ट श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा ।

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, । घर में घुस कर जेवर व नकदी चोरी करने वालें आरोपियों के खिलाफ झाड़ोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारही अनुसार पीडित चुन्नीलपाल पुत्र अम्बालाल भील निवासी गोराणा झाड़ोल ने आरोपी विक्रम पारगी, नरेश पारगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 25 जुलाई को बाइक लेकर आए आरोपी मौका देख कर घर में घुस कर सोने चांदी के जेवर, नकदी तथा सामान चुरा ले गए। इसको लेकर पडताल करने पर दोनों की पहचान होने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल जब्बर सिंह कर रहे है।

शनिमहाराज आली में उमड़े भक्त

कपासन । मेवाड के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली में सावन के तीसरे शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को तीर्थ स्थल पर दिनभर दर्शनार्थियों की भारी भीड रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। बस स्टैंड के स्वागत द्वार से लेकर मंदिर तक कतारें लगी रहीं।दोपहर में महा आरती के समय सर्वाधिक भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। इसके बाद भी दर्शनार्थियों का आना-जाना दिनभर जारी रहा। तेल कुंड की ओर भी भीड लगी रही। श्रद्धालुओं ने श्री शनिदेव को तेल चढ़ाकर काला दान कर पूजा-अर्चना की। तेल कुंड और नव ठाह मंदिर में भी सुबह से भीड़ लगी रही। मंदिर कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह चौहान, सचिव कालू सिंह चौहान और कर्मचारी नरेंद्र विजयवर्गीय, आदि मौजूद थे।

क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह 2 अगस्त को

उदयपुर । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेवाड़ द्वारा क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान -2025 का आयोजन उदयपुर में होने जा रहा है। समारोह का उद्देश्य ऊर्जावान और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्वों का सम्मान करना है जिन्होंने अपने विचारों,कर्मों और सेवा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

■ **कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्वों का सम्मान करना है जिन्होंने अपने विचारों,कर्मों और सेवा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है**

महासभा प्रवक्ता रणवीर सिंह जोलावास ने बताया कि सेवा,संस्कार, समर्पण को समर्पित क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर निगम सभागार,टाउन हॉल उदयपुर में 2 अगस्त को आयोजित होने जा रहा है । समारोह में 100 से अधिक प्रतिभाओं को शौर्य, सेवा, संस्कृति,शिक्षा,साहित्य, खेल और पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 21 विशिष्ट श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा ।समारोह में संत सानिध्य पूज्य गुरु सुदर्शनाचार्य जी महाराजए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा राजेंद्र सिंह राठौड़, जनप्रतिनिधि विधायक रिवाबा जडेजा, प्रीति गजेंद्र सिंह शेखावत,राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर आतिथ्य करेंगे।

जिलाध्यक्ष भंवर यादवेन्द्र सिंह रलावता ने बताया कि आयोजन मेवाड़ की गौरवशाली परंपराओं, पूर्व महाराणाओं के आदर्शों को नमन करते हुए समाज की विभूतियों को सम्मानित करेगा। सम्मान समारोह में बप्पा रावल से लेकर महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़ तक के नाम पर विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए जाएंगे। राणा पुंजा,बावजी चतुर सिंह जी,एवं मीरा बाई जैसे महापुरुषों के नाम पर विशेष प्रेरणादायक सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

महामंत्री हेमेंद्र सिंह दवाणा ने समारोह की जानकारी देते बताया कि यह समारोह समाज में ऊर्जाए सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा का वातावरण निर्मित करने वाला एक ऐतिहासिक अवसर है । यह मंच युवाओं को गौरवशाली अतीत से जोड़ते हुए उज्जवल भविष्य की ओर प्रेरित करेगा जिससे युवा राष्ट्र निर्माण में क्षत्रिय समाज की भूमिका को अधिक सशक्त करेंगे ।

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

उदयपुर, भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को राजस्थान विद्यापीठ के प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में शहीदों के चित्र पर कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि यह दिन उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का दिवस है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीरता पूर्वक लड़ाई लडी। भारतीय इतिहास में कई ऐसी तारीखें हैं जो भारत के आमजन के मन में हमेशा विद्यमान रहेगी। 26 जुलाई की तारीख भी वह ऐतिहासिक तारीख है जो हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। 26 जुलाई 1999 को वीर भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना व सरकार को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। यह दिन आज भी भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज है। कारगिल की दुर्गम पहाडी क्षेत्र में लड़े गए इस युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने अदम्य साहस को प्रदर्शित किया। भारतीय सेना के वीर जवानों के कारण ही आज हम अपने घरों में चैन की नींद सो पा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण सिंह कर्नावट , पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. एसबी नागर, डॉ. देवेन्द्र राव, डॉ. निवेदिता, डॉ. मोहसीन छीपा, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. चन्द्रेश छतलानी डॉ. रोहित कुमावत सहित कार्यकर्ताओं ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

■ **वीर सैनिकों की बदौलत आज हम सुरक्षित - प्रो. सारंगदेवोत**

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np ntd@yahoo.co.in,nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph-02953-233526

क्रमांक:न.प.नाथ./भूमि/25/9656 दिनांक : 25/07/2025

-:आपत्तीय-सूचना:-

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्तिके संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दे अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पडौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री दीपक गोयन्का पुत्र श्री विजय गोयन्का निवासी 175, अप्पर ग्राउण्ड फ्लोर, ब्लॉक-ए, पोकेट-2 इन्द्रप्रस्थ एन्क्लेव द्वारका सेक्टर -17 नई दिल्ली हाल मीरा नगर नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	मीरा नगर, नाथद्वारा, भू.सं.-99 क्षेत्रफल 136, 11 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 88	आम रास्ता 30 फिट	भूखण्ड संख्या 100	भूखण्ड संख्या 98 दीपक जी गुर्जर का मकान

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE
MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001
Tel. 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com
No.MPUAT/RCA/Acctts/OT/2025-26/NIB-21 Dated: 26.07.2025

NIT No.: RCA/NIT/2025-26 /NIB-21

Sealed offline bids are invited up to **12:15 PM of 04.08.2025** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No. DOR, **"Contractual Work for office, LSA, goat, mineral mixture and vermicompost unit"** (approx. Rs. 09.30 lakh). Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites **www.mpuat.ac.in** or the website of State Public Procurement Portal website **www.sppp.rajasthan.gov.in** may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft. **DEAN, RCA**

NIT No.: RCA/NIT/2025-26 /NIB-22

Sealed offline bids are invited up to 12:15 PM of 04.08.2025 in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No. DOR, **"Contractual Work at Livestock Farm"** (approx. Rs. 09.20 lakh). Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites **www.mpuat.ac.in** or the website of State Public Procurement Portal website **www.sppp.rajasthan.gov.in** may be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft. **DEAN, RCA**

नकदी जेवर बेच नकदी हड़पी

उदयपुर, । नकली जेवर बेच कर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रवि मोची पुत्र अशोक मोची निवासी जोगीवाड़ा सूरजपोल ने देवीलाल नामक आरोपी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

जिसमें उसने बताया कि मेरी शक्तिनगर में रेडीमेड दुकान है तथा सिलाई का काम भी करता हूं। छह सात माह पूर्व देवीलाल नामक व्यक्ति मेरे यहां पर कपडे सिलवाने के लिए आया तथा 24 जुलाई को वहीं व्यक्ति ने मुझे रूपयों की आवश्यकता बताते हुए सोने की चेन बेचने के लिए दी। इस पर मैंने उसका टंच निकलवाया तो दस लाख रूपये कीमत बताई थी। मैंने इतने रूपये देने से इनकार कर दिया। वहां से चले जाने के कुछ ही समय बाद आरोपी ने दुबारा फोन कर 5 लाख रूपये देने की बात कही तो मैने उससे चेन लेकर नकदी दे दी। उसके जाने के बाद पता किया तो चेन नकली होने की जानकारी सामने आई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे है।

हिन्दुस्तान जिंक जावर माइंस ने जावर में शुरू किया मेगा वृक्षारोपण अभियान

उदयपुर, । हिन्दुस्तान जिंक प्रदेश ही नहीं देश में खनन के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण पहचान रखती है, कंपनी ने अपने संचालन क्षेत्र में सामाजिक विकास और प्रकृति संरक्षण में भी सराहनीय कार्य किये है। यह बात उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने हिन्दुस्तान जिंक जावर माइंस द्वारा रंवा गांव में पौधरोपण अभियान के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि जावर क्षेत्र में हरियाली के लिये हिन्दुस्तान जिंक की पहल आने वाली पीढियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में अपनी अनुकरणीय भूमिका निभाएगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए सखी कार्यक्रम और नंदघर पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीएसआर के तहत् कंपनी ने आस पास की पंचायतों में जो कार्य किये है उनसे निश्चित तौर पर इस क्षेत्र के विकास को बल मिला है। उन्होंने उपस्थित समुदाय से इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग देने का आव्हान करते हुए कहा कि पौधे लगाने कार्य पुनित कार्य है जिससे हमें सदैव याद रखा जाता है।

सस्टेलेबिलिटी और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, हिन्दुस्तान जिंक द्वारा जावर माइंस के आस पास ग्रीन जावर पहल के तहत मेगा वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य अगले महीने में अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास के गांवों में 50,000 से अधिक पौधे लगाना है।

राजस्थान ग्रामीण बैंक
Rajasthan Gramin Bank Regional Business Office, Banswara
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
(Joint Venture of Govt. of India, Govt. of Rajasthan & State Bank of India)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8 (1) देखे)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **राजस्थान ग्रामीण बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्रीमती ममता जोशी पत्नी श्री दीपक कुमार जोशी** एवं सह-ऋणी **श्री दीपक कुमार जोशी पुत्र श्री चम्पा लाल जोशी पर मांग सूचना दिनांक 06.05.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 06.05.2025 को बकाया राशि रू. 11,85,743.65 (रूपये ग्यारह लाख पचासी हजार सात सौ तैतालीस एवं पैसे पैंसठ मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 22, माह जुलाई, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 06.05.2025 को बकाया राशि रू. 11,85,743.65 (रूपये ग्यारह लाख पचासी हजार सात सौ तैतालीस एवं पैसे पैंसठ मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **राजस्थान ग्रामीण बैंक, माण्डवी चौक शाखा, जिला डूँगरपुर, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती ममता जोशी पत्नी श्री दीपक कुमार जोशी एवं श्री दीपक कुमार जोशी पुत्र श्री चम्पालाल जोशी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो बंगला नं. ई-72, नेमीनाथ नगर, गोवाड़ी, तहसील सागवाड़ा, जिला डूँगरपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 482 वर्ग फीट (16.8 X 28.11) है। **सीमाएं**- उत्तर: प्लॉट नं. ई-73 मकान के साथ, दक्षिण: प्लॉट नं. ई-71 मकान के साथ, पूर्व: प्लॉट नं. ई-77 मकान के साथ, पश्चिम: 30 फीट चौड़ा रोड

स्थान: डूँगरपुर हस्ता.
दिनांक: 22.07.2025 प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबन्धक

राजस्थान ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, प्रथम तल, खादी फ्लेक्स बिल्डिंग, हाउसिंग बोर्ड - हेमू कालानी तिराहा, उदयपुर रोड़, बांसवाड़ा - 327001
फोन: 02962-250315,6, ई-मेल: robans@barodarajasthanrrb.co.in

धोखे से जमीन हडपने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,। शहर के बडगांव थाना पुलिस ने धोखे से रजिस्ट्री करवा जमीन हडपने वाले दो बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार मांगीलाल पत्रु तख्ताजी निवासी राठोड़ों का गुडत्रा बडगांव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि ग्राम पंचायत थूर में पिता के नाम से भूखण्ड है। जिसका मेरे नाम से पट्टा करवाना था। मेने मेरे मिलने वाले विक्रमसिंह पुत्र मदनसिंह निवासी पीपली चौक बेदला को कहा तो उसने मुझे बैंक डायरी, आधार कार्ड व मेरे पट्टे की फोटोकॉपी मांगी।

कुछ समय बाद विक्रम सिंह ने देवीलाल, पप्पुलाल व जितेन्द्र के साथ मिल कर मेरी जमीन देवीलाल के नाम करवा दी। इसका पता चलने पर पडताल की तो पप्पुलाल व जितेन्द्र द्वारा गवाह देने की जानकारी सामने आई। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचंद बोरीवाल के सुपरविजन में बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह के नेतृत्व में एएसआई रोशनसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी जितेन्द्र पुत्र चेनराम निवासी डांगियों का गुडा सुखेर तथा पप्पुलाल पुत्र नोजीराम निवासी छिपाला चेडाखेत गोगुन्दा को गिरफ्तार किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत सडा पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रापंआ./2025-26/spl-02 दिनांक-26.7.2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत सडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाए दिनांक 25.07.2025 से दिनांक 04.08.2025 समय साय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 ZUD2526GLOB01447
eproc id 2025_PRD_490017_1

प्रशासक ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सडा ग्राम पंचायत सडा

गलत बयानों पर एकजुट हुए मेवाड़ के आदिवासी नेता

उदयपुर,26 जुलाई(का.स.)। संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में आदिवासी समाज की कथित उपेक्षा के बयानों पर मेवाड़ के आदिवासी नेता एकजुट हुए है और उक्त बयान को मिथ्या बताते हुए वक्तव्य जारी किया है ।

■ **प्रदेश कांग्रेस ने मुझे इस कार्यक्रम का समन्वयक बनाया तो ऐसे में आदिवासी समाज की उपेक्षा कैसे हुईः ताराचंद मीणा**

संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम एवं संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कुछ नेताओं द्वारा दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को इस सम्मेलन में मेवाड़- वागड़ के आदिवासी समाज की अनदेखी और गुटबाजी का बेबुनियाद आरोप लगाने के मामले में मेवाड़ के आदिवासी समाज के नेताओं द्वारा वीडियो जारी कर वक्तव्य देते हुए ऐसी भ्रामक बयानों का खंडन किया गया है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, झाड़ोल के पूर्व विधायक एवं वर्तमान में झाड़ोल से कांग्रेस प्रत्याशी रहे हीरा लाल दरांगी ने अपने जारी किए वीडियो में वक्तव्य देते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा मेवाड़.वागड़ को उचित प्रतिनिधित्व दिया है। कांग्रेस की सवोच्च समिति (सीडब्लूसी) में मेवाड़.वागड़ के आदिवासी नेताओं को दो बार सदस्य बनाया गया जो कि बहुत गौरव की बात है। और मेवाड़ से प्रदेश कांग्रेस में आदिवासी समाज के पदाधिकारी भी बने है। वर्तमान में वो स्वयं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भी है। साथ ही जब भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तब मेवाड़.वागड़ को हमेशा मंत्रिमंडल में उचित स्थान मिला है। यह आदिवासी समाज के लिए सम्मान की बात है।

संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कोई गुटबाजी या उपेक्षा जैसी बात ही नहीं हुई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने तो अपने उद्बोधन में आदिवासी नेतृत्व को कांग्रेस में निर्णायक भूमिका देने तक की बात कही गई। तो ऐसे में आदिवासी समाज की उपेक्षा या कोई ओर गुटबाजी की बाते कोरी अफवाह है।

उदयपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताराचंद मीणा ने वीडियो जारी कर वक्तव्य देते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मुझे ही संभाग स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का समन्वयक बनाया। तो ऐसे में आदिवासी समाज की उपेक्षा कैसे हुई, सम्मेलन में सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ ही मेवाड़.वागड़ के आदिवासी नेताओं को भी मंच पर सम्मानपूर्वक उचित स्थान दिया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा दिए गए उद्बोधन में तो मेवाड़.वागड़ में आदिवासी नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी को दिए गए योगदान को सराहा गया था। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी, नेता प्रतिपक्ष टीका राम जुली द्वारा भी अपने उद्बोधन में भी मेवाड़.वागड़ की राजनीति में कांग्रेस पार्टी के लिए आदिवासी समाज द्वारा दिए गए योगदान पर बात कही गई। सम्मेलन में कोई गुटबाजी और उपेक्षा जैसी बात नहीं हुई।

ऋषभदेव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूप लाल मीणा ने वीडियो जारी कर वक्तव्य देते हुए कहा कि मुझे भी पहली बार ऐसे बड़े मंच पर उद्बोधन का अवसर मिला। तो आदिवासी समाज की अनदेखी कैसे हुई, वर्तमान में गुटबाजी और उपेक्षा की बात करी जा रही है वो केवल अफवाह है।

राजस्थान ग्रामीण बैंक
Rajasthan Gramin Bank Regional Business Office, Banswara
(भारत सरकार, राजस्थान सरकार तथा भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
(Joint Venture of Govt. of India, Govt. of Rajasthan & State Bank of India)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8 (1) देखे)

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **राजस्थान ग्रामीण बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स जैन किराणा स्टोर** प्रोपराईटर **श्री चकेश जैन पुत्र श्री लक्ष्मी लाल जैन** एवं जमानतदार **श्री लक्ष्मी लाल दोसी पुत्र श्री जीव राज दोसी पर मांग सूचना दिनांक 09.05.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 09.05.2025 को बकाया राशि रू. 8,41,728/- (रूपये आठ लाख इकतालीस हजार सात सौ अठाईस मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्द्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 22, माह जुलाई, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 09.05.2025 को बकाया राशि रू. 8,41,728/- (रूपये आठ लाख इकतालीस हजार सात सौ अठाईस मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **राजस्थान ग्रामीण बैंक, बडगाँव शाखा, जिला बाँसवाड़ा, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री लक्ष्मी लाल दोसी पुत्र श्री जीव राज दोसी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय मकान जो पट्टा नं. 37, दिगम्बर जैन मंदिर के पास, जैन मौहल्ला, गाँव तलवाड़ा, तहसील एवं जिला बाँसवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 30*20 = 600 वर्ग फीट है। **सीमाएं**- उत्तर: जीवराज कॉलोनी गली, दक्षिण: श्री धनपाल पुत्र श्री धुलाजी जैन का मकान, पूर्व: श्री श्रीपाल पुत्र श्री जीवराज दोसी का मकान, पश्चिम: श्री रमेश चन्द्र पुत्र श्री जीवराज दोसी

स्थान: बाँसवाड़ा हस्ता.
दिनांक: 22.07.2025 प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबन्धक

राजस्थान ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, प्रथम तल, खादी फ्लेक्स बिल्डिंग, हाउसिंग बोर्ड - हेमू कालानी तिराहा, उदयपुर रोड़, बांसवाड़ा - 327001
फोन: 02962-250315,6, ई-मेल: robans@barodarajasthanrrb.co.in

कार्यालय ग्राम पंचायत गुराड पंचायत समिति फलासिया, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रापंआ./2025-26/spl-02 दिनांक-26.7.2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत गुराड में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाए दिनांक 26.07.2025 से दिनांक 04.08.2025 समय साय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 ZUD2526GLOB01451
eproc id 2025_PRD_490043_1

प्रशासक ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गुराड ग्राम पंचायत गुराड